# संगम

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ की हिंदी त्रैमासिक पत्रिका

अप्रैल–जून 2019

मुद्रण संस्करण 01 अंक 01




## भा.प्रौ.सं.रोपड़ का मुख्य परिसर में स्थानांतरण

भा.प्रौ.सं.रोपड़ अत्यंत प्रसन्नता एवं संतोष के साथ यह घोषणा करता है कि वह नए परिसर में स्थानांतरित हो चुका है। संस्थान की कई उपलब्धियों में संस्थान के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विभागों का नए परिसर में स्थानांतरण एक मील का पत्थर है।

तीन शैक्षिक विभाग मुख्यतः एस. रामानुजन खंड (कंप्यू.वि.एवं अभि.), सतीश धवन खंड (यांत्रिकी अभि.), जे सी बोस खंड (विद्युत अभियांत्रिकी) नए परिसर से अपने कार्यों को संचालित कर रहे है। भा.प्रौ.सं.रोपड़ का संपूर्ण प्रशासन भी नए परिसर में अपने प्रशासनिक खंड में स्थानांतरित हो चुका है। भा.प्रौ.सं.रोपड़ का प्रशासनिक भवन श्रृंखलायुक्त गलियारों और चार तलों का है जो मुख्यतः दो स्कंधों में विभाजित है।

छात्र छात्राओं के लिए भी सुसज्जित छात्रावासों का छात्र एवं छात्राएं लाभ ले रहे है। जिसमें 960 छात्रों की क्षमता के साथ पुरुष छात्रावास (3 स्कंध) और 260 छात्राओं की क्षमता के साथ महिला छात्रावास (2 स्कंध) है। इन सभी छात्रावास में विद्यार्थियों ने पारगमन परिसर से स्थानांतरण कर लिया है। 600 क्षमता का भोजन कक्ष (अन्नपूर्णा भवन) भी विद्यार्थियों को स्वादिष्ट एवं पोषक भोजन मुहय्या कर रहा है।

संस्थान के ग्रुप बी से ग्रुप डी के कर्मचारियों ने भी टाइप II क्वार्टर में स्थानांतरण कर लिया है। इस टाइप II क्वार्टर्स में 4 स्कंध है जिसमें हर एक स्कंध हेतु लिफ्ट की सुविधा भी प्रदान की गयी है।

संस्थान में निवास कर रहे सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों के दैनंदिन आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु संस्थान का उपयोगिता खंड कई महिनों के पहले ही अपनी सेवाएं दे रहा है जिसमें बैंक, ड़ाक घर, कैफेटेरिया, ज्युस बार, सलून, स्टेशनरी एवं डिपार्टमेंटल स्टोर आदि शामिल है। दक्षिण भारतीय व्यंजनों का स्वाद लेने हेतु उपयोगिता खंड में केरला कैन्टीन भी अपनी सेवाएं दे रही है।



संस्थान के नए परिसर का रात्रि समय का मनोरम दृश्य

## साहस एवं तकनीक का अद्वितीय संगमः "बाहा 2019"











बाहा सेईइंडिया 2019 के बहु प्रतीक्षित 12 वें संस्करण का भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान का मैदान साक्ष्य बना। बाहा सेईइंडिया 2019 का 12 वां संस्करण दिनांक 07 से 11 मार्च 2019 के दौरान भा.प्रौ.सं. रोपड़ में आयोजित किया गया। बाहा सेईइंडिया की श्रृंखला के 12 वें वर्ष में कुल 363 दलों ने पंजीकरण कर भाग लिया। इस वर्ष बाहा सेईइंडिया में देश के विभिन्न भागों से कुल 4250 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

संदिप अभियांत्रिकी एवं प्रबंधन महाविद्यालय, नासिक, महाराष्ट्र को रु. 2 लाख 50 हजार मात्र के नकद पुरस्कार के साथ बाहा सेईइंडिया 2019 के 12 वें संस्करण का विजेता घोषित किया गया। वहीं राष्ट्रीय अभियांत्रिकी विद्यालय, बैगलुरु ने रु. 1 लाख 25 हजार मात्र नकद पुरस्कार के साथ उपविजेता पद अपने नाम किया।

इस आयोजन में कई पुरस्कार भी प्रदान किये गये। डॉ. महालिंगम अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विद्यालय के डॉ. जयारमन ने अभिनव द्रोणाचार्य पुरस्कार अपने नाम किया।

संतर लौंगोवाल अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, संगरुर, पंजाब को दि प्राइड आफ पंजाब (पंजाब और चण्डीगढ़) पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

श्री विष्णु अभियांत्रिकी महाविद्यालय, आंध्र प्रदेश की महिला दल ने रु. 2.82 लाख के साथ कम से कम लागत में बाहा बग्घी का निर्माण कर लागत मूल्यांकन पुरस्कार अपने नाम किया।

इस चार दिवसीय कार्यक्रम में सभी दलों को कई प्रकार के मूल्यांकन एवं प्रस्तुति जैसे अभिकल्पन मूल्यांकन, लागत मूल्यांकन, विपणन प्रस्तुतिकरण आदि के दौर से गुजरना पड़ा।

# हिंदी आयोजन / कार्यक्रम / अन्य

# हिन्दी पत्रिका



## हिंदी कार्यशाला सह प्रतियोगिता का आयोजन

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत के दिशानिर्देशों के अनुपालन एवं संस्थान में राजभाषा के विकास , प्रचार एवं प्रसार हेतु भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ में दिनांक 24.06.2019 को हिंदी प्रकोष्ठ द्वारा हिंदी कार्यशाला सह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में संस्थान के अधिकारी, कर्मचारी, संकाय तथा विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यशाला में राजभाषा हिंदी में कार्य करते हुए कर्मचारियों को आनेवाली कठिनाईयों को दूर करने हेतु एक सत्र का आयोजन किया गया था। दूसरे सत्र में हिंदी कविता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता के परीक्षक के रुप में डॉ. सम दर्शी, सहायक प्राध्यापक, विद्युत अभियांत्रिकी विभाग तथा श्री बी.बी. करवल, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को संस्थान के सभी स्तरों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई।

आयोजित की गयी हिंदी कविता गायन प्रतियोगिता में संकाय सदस्य/ कर्मचारियों में डॉ. महेन्द्र साकरे, सहायक प्राध्यापक, विद्युत अभियांत्रिकी विभाग को प्रथम पुरस्कार, सुश्री प्रीतींदर कौर, जनसंपर्क अधिकारी को द्वितीय पुरस्कार, सुश्री श्वेता रानी, निजी सहायक को तृतीय पुरस्कार, सुश्री हरप्रीत कौर, पुस्तकालय सूचना अधिकारी को प्रथम प्रोत्साहन पुरस्कार तथा श्री दिवाकर शर्मा, कनिष्ठ सहायक, भंडार एवं क्रय अनुभाग को द्वितीय प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यार्थियों में श्री अनूप पाठक को प्रथम पुरस्कार, श्री प्रणव जोहरी को द्वितीय पुरस्कार, श्री आदित्य सुर्यवंशी को तृतीय पुरस्कार, श्री शिवांग खरे को प्रथम प्रोत्साहन पुरस्कार, श्री पंकज कुमार को द्वितीय प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किये गये। प्रतियोगिता के परीक्षक मंडल के सदस्य डॉ. सम दर्शी, सहायक प्राध्यापक तथा श्री बी.बी. करवल ने सभी उपस्थितों के समक्ष अपने विचार रखे। डॉ. गिरीश कठाणे, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक ने परीक्षक मंडल एवं सभी उपस्थितों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राजभाषा कार्यान्वयन

### संस्थान का राजभाषायी निरीक्षण

उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय–1, नई दिल्ली, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 21 मई 2019 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ के राजभाषायी कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण हेतु श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उपनिदेशक, राजभाषा ने संस्थान में किए जा रहे राजभाषायी कार्यों का जायजा लिया।

## राजभाषा सम्मलेन में सहभागिता

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (का.हि.वि.) वाराणसी में दिनांक 25 मई 2019 को 'तकनीकी क्षेत्र में हिंदी का प्रयोग' इस विषय पर आयोजित राजभाषा सम्मेलन में भा.प्रौ.सं. रोपड़ ने सहभागिता ली।

इस सम्मेलन में संस्थान के हिंदी अधिकारी/उपकुलसचिव श्री लगवीश कुमार तथा संस्थान के सहायक कुलसचिव श्री गौतम शर्मा इन्होंने इस एक दिवसीय राजभाषा सम्मेलन में सहभागिता ली। इस प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान में राजभाषायी कार्यों को बढ़ावा देने हेतु कई प्रकार की जानकारी प्राप्त की।

## हिंदी शब्द संसाधन (हिंदी टाइपिंग) प्रशिक्षण

केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित हिंदी शब्द संसाधन (हिंदी टाइपिंग) के 57 वें सत्र हेतु संस्थान के कुल 6 कर्मचारी यथा श्री विजय नारायण, श्री विपिन कुमार, श्री विजय सिंह, श्री दलजीत सिंह, श्री अंशु वेद तथा श्री गिरीश कठाणे को पंजीकृत किया। इस पत्राचार प्रशिक्षण की दिनांक 11 जुलाई 2019 को हुई परीक्षा में पंजीकृत परीक्षार्थियों में से तीन परीक्षार्थी उपस्थित थे।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक संस्थान के निदेशक एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष प्रो. सरित कुमार दास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में संस्थान के राजभाषायी कार्यों की समीक्षा की गई। निदेशक प्रो. सरित कुमार दास ने राजभाषा को बढ़ावा देने हेतु हरसंभव प्रयास करने का निदेश हिंदी प्रकोष्ठ को दिया।

## पुरस्कार एवं मान्यता

रसायन विभाग के सह प्राध्यापक डॉ राजेन्द्र श्रीवास्तव तथा भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकेश कुमार इन्हें संस्थान में आयोजित अनुसंधान सम्मेलन के द्वितीय संस्करण के अंतर्गत संकाय अनुसंधान एवं नवप्रवर्तन पुरस्कार 2018–19 से सम्मानित किया गया।





## राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समझौता ज्ञापन

**कैनबेरा यूनिवर्सिटी, आस्ट्रेलिया के साथ समझौता ज्ञापन**

भा.प्रौ.सं.रोपड़ ने कैनबैरा यूनिवर्सिटी के साथ दोनों संस्थानों के स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए द्विपक्षीय छात्र गतिशिलता एवं शैक्षणिक और अनुसंधान कर्मचारियों के विनिमय हेतु अवसरों के विकास हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

UNIVERSITY OF CANBERRA

## एमआईटी, यूएसए के साथ आईएनकेएस करार



भा.प्रौ.सं.रोपड़ ने एमआईटी–आईआईटी रोपड़ अनुसंधान सहयोग के स्थापना हेतु मैच्युसटेट इन्स्टीट्यूट आफ टेक्नोलोजी के अब्दुल लतिफ जमील वॉटर एण्ड फूड सिसट्म लैब के साथ करार किया। यह करार भा.प्रौ.सं.रोपड़ एवं एमआईटी के संकाय तथा विद्यार्थियों के विनिमय को बढ़ावा देगा और प्रमुखता से जल, खाद्य एवं कृषि से संबंधित सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाओं के आरंभिक दौर हेतु बीज निधि अनुदान में सहायक सिद्ध होगा।

### कलाम स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी संस्थान, जैवप्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के साथ समझौता ज्ञापन



दो दिवसीय मेडटैक स्टार्टअप वर्कशॉप के दौरान भा.प्रौ.सं.रोपड़ ने कलाम स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी संस्थान, जैवप्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के साथ उद्यम को नवप्रवर्तन के सहज प्रौद्योगिकी स्थानांतरण के रुप में सक्षम बनाने के उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

## कार्यशालाएं



टिकाऊ खाद्य आपूर्ति श्रृंखला विषय पर इण्डो–यूको कार्यशाला

भा.प्रौ.सं.रोपड़ ने यूनिवर्सिटी आफ कैम्ब्रीज,यूके तथा पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना के सहयोग से टिकाऊ खाद्य आपूर्ति श्रृंखला पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अपने स्थायी परिसर के सतिश धवन ब्लॉक में किया। इस अवसर पर श्री विश्वजीत खन्ना,अपर मुख्य सचिव, पंजाब सरकार मुख्य अतिथि के रुप में, प्रो. जगजीत सिंह सराई, प्रमुख, अंतरराष्ट्रीय विनिर्माण केन्द्र, यूनिवर्सिटी आफ कैम्ब्रीज तथा प्रो. बी.एस. धिल्लोन, कुलपति, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय विशेष रुप से आमंत्रित थे।

इस कार्यशाला में पर्यावरणीय बिंदूओं, जैवविविधता, आर्थिक और सामाजिक मुद्दों को विशेष रुप से केंद्र में रखते हुए खाद्य प्रणाली के टिकाऊपन के लिए भोजन मूल्य श्रृंखला के प्रकार्य, नियमन और संगठनों के संभावित योगदान पर चर्चा हुई।



## राष्ट्र की प्रथम शोधकर्ता संपर्क कार्यशाला



भा.प्रौ.सं.रोपड़ ने ब्रिटीश कौन्सिल के तत्वावधान में भारत में 29 मार्च से 1 अप्रैल 2019 तक प्रथम "शोधकर्ता संपर्क कार्यशाला" का आयोजन किया। यह कार्यशाला भविष्यिक विकास और कार्पोरेट संबंध केन्द्र, भा.प्रौ.सं.रोपड़ के भागीदारी में कार्यान्वित किया गया। इसका उद्देश्य भारत के शोधकर्ताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय, बहुसांस्कृतिक संदर्भों में उत्कृष्ट संप्रेषण कौशल के विकास विषय पर चर्चा करना था। इस कार्यशाला को यूनिवर्सिटी आफ वार्रविक से सुश्री सैन्डी स्पार्कस् और ब्रिटीश कौन्सिल से डॉ. आर. पूर्णिमा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। इन चार दिवसीय कार्यशाला में श्रोताओं की पहचान, प्रभावी सार लेखन और ई–मेल, शैक्षिक लेखन और प्रेरक प्रस्तावों आदि विषयों का समावेश था।

## आईपीआर जागरुकता व्याख्यान सह प्रश्न मंजुषा



भा.प्रौ.सं.रोपड़ के बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ ने छात्रों के बीच बौद्धिक संपदा अधिकार संबंधि जागरुकता फैलाने हेतु दिनांक 29 मार्च 2019 को बौद्धिक संपदा अधिकार सह प्रश्न मंजुषा कार्यक्रम का आयोजन किया।

## आमंत्रित व्याख्यान

भा.प्रौ.सं.रोपड़ के सिविल अभियांत्रिकी विभाग ने श्री डी.के.शर्मा, अध्यक्ष, भाखरा ब्यास प्रबंध मंडल, चण्डीगढ़ का आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया। यह व्याख्यान "वैश्विक ऊर्जा परिप्रेक्ष्य में नेतृत्व की चुनौतियाँ एवं प्रौद्योगिकीयाँ" विषय पर था।



## डॉ. राजश्री खुशु लहिरी स्मृति व्याख्यान



दिनांक 11 अप्रैल 2019 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा तृतीय "डॉ. राजश्री खुशी लहिरी स्मृति व्याख्यान" का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान शिव का नील कंठ, लेखक के दायित्व पर आधारित पौराणिकता की पुर्नःव्याख्या पर केंद्रित था। यह व्याख्यान प्रसिद्ध साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता लेखक श्री. किरन नागरकर इन्होंने दिया। इस दिन डॉ. राजश्री खुशु लहिरी को याद किया गया।

## आउटरिच पहल

भा.प्रौ.सं.रोपड़ के विद्यार्थियों ने गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) पहचान के अंतर्गत रोपड़ शहर के दो स्थानीय विद्यालयों शासकीय पुरुष उच्च माध्यमिक विद्यालय और शासकीय महिला उच्च माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया। छात्रों का यह दौरा परीक्षा प्रबंधन, विभिन्न प्रवेश परीक्षाएं, रोजगार के अवसरों पर केंद्रित था। विद्यार्थियों ने विद्यालयों के विभिन्न प्रयोगशालाओं का दौरा किया और विद्यार्थियों की समस्याओं को समझने और उनका अगला सत्र अधिक लाभदायक बनाने के लिए शिक्षकों से चर्चा की।



## रक्तदान शिविर

भा.प्रौ.सं.रोपड़ के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और ब्लडकनेक्ट ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में भा.प्रौ.सं.रोपड़ के परिवारजनों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली।




## नवनियुक्त संकाय सदस्य एवं कर्मचारिगण



**डॉ. भावेश गर्ग**
सहायक प्राध्यापक
मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान



**डॉ. मनिगंधन एस**
सहायक प्राध्यापक
रासायनिक



**डॉ. नवीन गोपीनाथन**
सहायक प्राध्यापक
रासायनिक



**डॉ. सौम्यजीत दास**
सहायक प्राध्यापक
रसायन



**डॉ. राजेश कुमार**
सहायक प्राध्यापक
जैव.चिकि.अभि.केन्द्र



**डॉ. श्वेता जैन**
सहायक प्राध्यापक
कंप्यूटर विज्ञान एवं अभि.



**डॉ. मनीष अग्रवाल**
सहायक प्राध्यापक
यांत्रिकी अभि.

संरक्षक संपादक
**प्रो. सरित कुमार दास,**
निदेशक, भा.प्रौ.सं.रोपड़

परामर्शदाता संपादक
**डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता,**
संकाय प्रभारी (हिंदी)
**श्री लगवीश कुमार,**
हिंदी अधिकारी तथा उपकुलसचिव, भा.प्रौ.सं.रोपड़

संपादक
**डॉ. गिरीश प्रमोदराव कठाणे,**
कनि. हिंदी अनुवादक, भा.प्रौ.सं.रोपड़

अभिकल्प, प्रकाशन एवं मुद्रण
**सुश्री प्रीतेंदर कौर,**
जनसंपर्क अधिकारी, भा.प्रौ.सं.रोपड़